

फिलहाल दो सप्ताह का समय

धोनी के पास रांची में प्रैक्टिस करने के लिए अभी फिलहाल दो सप्ताह का समय है। धोनी इससे पहले मार्च में चेन्नै में लगे सीएसके के ट्रेनिंग कैंप का हिस्सा रहे थे।

## आईपीएल की तैयारियों में जुटे धोनी, रांची में नेट्स पर लौटे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी काफी समय से क्रिकेट के मैदान से दूर हैं लेकिन वह मैदान पर वापसी की तैयारियों में जुटे हैं। वह आईपीएल के लिए तैयारी कर रहे हैं। चौन्नै सुपर किंग्स के कप्तान धोनी ने रांची में नेट्स में अभ्यास शुरू कर दिया है। 19 सितंबर से यूएई में होने वाले आईपीएल के लिए धोनी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। सुरेश रैना ने एक दिन पहले ही कहा था कि धोनी के हेलीकॉप्टर शॉट जल्द नजर आ सकते हैं। ऐसा लगता है कि धोनी ने रैना की सलाह को गंभीरता से ले लिया है।

रिपोर्टस के मुताबिक धोनी ने आईपीएल की तैयारी के लिए झारखंड स्टेट क्रिकेट असोसिएशन के इनडोर फैसिलिटी में प्रैक्टिस शुरू कर दी है। लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंसिंग के चलते अभी रांची में इस समय ज्यादा गेंदबाज मौजूद नहीं हैं। तो धोनी इस समय बोलिंग मशीन के जरिए प्रैक्टिस कर रहे हैं।

खबरें है कि धोनी लॉकडाउन लगने से पहले भी यहां आईपीएल के लिए तैयारी करते थे। चेन्नै सुपर किंग्स की टीम 20 अगस्त को जमा हो सकती है इसके बाद वह यूएई के लिए रवाना होगी।

# वीवो के जाने के बाद कौन होगा टाइटल स्पॉन्सर!

## एमोजान, बायजूज और ड्रीम 11 दौड़ में, टाइटल स्पॉन्सरशिप का विकल्प खुला

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग और वीवो इंडिया इस साल के लिए अलग हो रहे हैं। हालांकि अगले साल के लिए टाइटल स्पॉन्सरशिप का विकल्प खुला रखा गया है। हालांकि अलग होने की आधिकारिक घोषणा के 24 घंटे के भीतर ही इस साल के लिए टाइटल स्पॉन्सर तलाशने का विकल्प शुरू कर दिया है।

ई–कॉमर्स कंपनी ऐमजॉन की नजरें भारत के त्योहारी सीजन– दशहरा (अक्टूबर) से दिवाली (नवंबर) पर हैं। लर्निंग ऐप बायजूज भी दौड़ मे है। यह टीम इंडिया की जर्सी की भी स्पॉन्सर है। इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काफी कम होने से बायजूज को काफी नुकसान हुआ है। और इसके अलावा फैंटसी स्पोर्ट्स प्लैटफॉर्म ड्रीम 11 भी संभावित दावेदारों की लिस्ट में है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने गुरुवार को एक बयान जारी किया



जिसमें उसने वीवो के बाहर जाने की जानकारी दी। हालांकि उसने यह भी संकेत दिया कि मोबाइल निर्माता कंपनी अगले साल वापसी कर सकती है। बाजार के जानकारों का मानना है कि रिप्लेसमेंट के तौर पर आने वाली कंपनी से वीवो जितनी वैल्यू नहीं मिलेगी। हालांकि जानकारों का कहना है कि अगर बीसीसीआई टाइटल स्पॉन्सर से एक तिहाई और दो आधिकारिक पार्टनर्स जोड़ ले तो यह बड़ी बात होगी। वीवो की ओर से बोर्ड को एक साल के लिए करीब 440 करोड़ रुपये दिए जाते थे अगर बोर्ड विकल्प के तौर पर आई कंपनी से 180 करोड़ रुपये के करीब की रकम जुटा लेता है तो यह बोर्ड के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

एनएकेडमी, जो बायजूज का सीधा प्रतिस्पर्धी है, भी काफी समय से आईपीएल से जुड़ने का प्रयास कर रहा है। उसकी यह कोशिश कोविड–19 के असर से पहले से ही जारी है। वहीं, ड्रीम 11, जो एक अन्य स्पोर्ट्स फैंटसी प्लैटफॉर्म है, भी इसी तरह की दिलचस्पी दिखा रहा है। हालांकि अगर इन दोनों कंपनियों को लीग से जुड़ना है तो उन्हें बायजूज और ड्रीम 11 से टक्कर लेनी होगी।

भारतीय टीम इस साल दिसंबर से पहले कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलेगी। इसके अलावा आईसीसी और एशियन क्रिकेट काउंसिल का भी कोई मुकाबला नहीं है ऐसे में बायजूज ने काफी विजिबिलिटी खो दी है। कंपनी ने पिछले साल ओप्पो को पीछे छोड़ते हुए करीब 1079 करोड़ रुपये में जर्सी की स्पॉन्सरशिप हासिल की थी। सूत्रों का कहना है, श्बीसीसीआई आज के लिए पार्टनर तलाश रहा है। अगर बायजूज आज आईपीएल को सपॉर्ट करता है और जर्सी स्पॉन्सरशिप के नंबर हटाने का फैसला करता है, तो यह दोनों के लिए फायदे का सौदा होगा।

# घास खा लूंगा लेकिन पाकिस्तानी सेना का बजट बढ़ाऊंगाः अख्तर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दुनिया के दिग्गज तेज गेंदबाजों में शुमार पाकिस्तान के पूर्व पेसर शोएब अख्तर ने अपने देश की सेना के बजट को लेकर बयान दिया है। उन्होंने पाकिस्तान के एक न्यूज चैनल से कहा कि वह पाकिस्तानी सेना का बजट बढ़ाने के लिए घास तक खाएंगे।

44 साल के अख्तर ने एआरवाई न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में कहा, श्अगर अल्लाह कभी मुझे अधिकार देता है, तो मैं खुद घास खाऊंगा लेकिन सेना का बजट बढ़ा दूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों को सशस्त्र बलों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। पूर्व पेसर ने कहा, मैं



अपने सेना प्रमुख को अपने साथ बैठने और निर्णय लेने के लिए कहूंगा। यदि बजट 20 प्रतिशत है, तो मैं इसे 60 प्रतिशत करूंगा। यदि हम एक–दूसरे का अपमान करते हैं, तो नुकसान हमारा ही है।

इससे पहले उन्होंने दावा किया था कि उन्होंने नॉटिंघमशायर के

> शोएब ने कहा, यदि हम एक–दूसरे का अपमान करते हैं, तो नुकसान हमारा ही है

लिए काउंटी क्रिकेट खेलने के लिए 175,000 पाउंड के अनुबंध को ठुकरा दिया था ताकि वह कारगिल युद्ध में लड़ सकें।

भारत और पाकिस्तान की सेना के बीच साल 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था। करियर में 46 टेस्ट में 178 और 163 वनडे में 247 विकेट लेने वाले अख्तर ने कहा था, श्नॉटिंघम के साथ मेरा 175,000 पाउंड का अनुबंध था। फिर 2002 में मेरा एक और बड़ा अनुबंध था। जब कारगिल हुआ तब मैंने दोनों को छोड़ दिया।श उन्होंने 15 टी20 इंटरनैशनल मैचों में 19 विकेट भी लिए हैं।

## शान मसूद ने दिखाया दम, लगाई लगातार तीसरी टेस्ट सेंचुरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। मैनचेस्टर टेस्ट में जब पाकिस्तान के ज्यादातर बल्लेबाज इंग्लैंड की स्विंग होती गेंदों के सामने लचर नजर आ रहे थे तो एक बल्लेबाज खूंटा गाड़ कर रखा हो गया। वह एक छोर से रन बनाता रहा। शुरुआत में थोड़ा स्ट्रगल भी किया। जो सामान्य बात है लेकि जो बात अहम है वह है टिके रहना। मसूद टिके रहे और फिर रन बनते रहे। मसूद ने पाकिस्तान के 326 में से अकेले 156 रन बनाए। वह पाकिस्तान के लिए इंग्लैंड में किसी टेस्ट पारी में 300 से ज्यादा गेंद खेलने वाले तीसरे ओपनर बन गए। इससे पहले मोहसिन खान (386 गेंद, 200 रन, लॉर्ड्स 1982) और मद्दस्सर नजर (362 गेंद, 124 रन बर्मिंगम 1987) ने यह कारनामा किया।

मसूद ने मैनचेस्टर टेस्ट की पहली पारी में 156 रन बनाए। 18 चौके और 2 छक्के लगाए। 319 गेदों का सामना किया. यह उनके करियर का चौथा शतक था। टेस्ट की तीन पारियों में लगातार तीसरा शतक। इससे उनकी फॉर्म का अंदाजा लगता है। वे मानते हैं कि मसूद के पास तकनीकी क्षमता है जो उन्हें आगे ले जा सकती है जरूरत है तो बस उसका सही इस्तेमाल करने की।

## न्यूज डायरी



## बॉडी बिल्डिंग के मामले में किसी से कम नहीं यह भारतीय बोलर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज दीपक चाहर आज यानी 7 अगस्त 2020 को अपना 28वां जन्मदिन मना रहे हैं। गेंदबाजी के अलावा वह बॉडी बिल्डिंग और डांस के भी शौकीन हैं। भारत के लिए अब तक 13 इंटरनैशनल मैच खेल चुके पेसर दीपक चाहर सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहते हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं जिसमें वह बॉडी बिल्डिंग के मामले में किसी से भी कम नहीं लग रहे हैं। पेसर दीपक चाहर बॉडी बिल्डिंग के मामले में किसी क्रिकेटर से कम नहीं हैं। वह जिम में काफी वक्त बिताते हैं और कड़ी मेहनत करते हैं। करियर में अब तक 13 इंटरनैशनल मैच खेलने वाले पेसर दीपक चाहर फिजिक पर काफी फोकस रखते हैं। वह भले ही टीम में हों या ना हों, लेकिन एक्सरसाइज और जिम सेशन पर ध्यान देते हैं। दीपक चाहर की गिनती स्मार्ट क्रिकेटरों में होती है।

## मुंबई क्रिकेट असोसिएशन ने सीएम उद्धव ठाकरे को पत्र लिखा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। मुंबई क्रिकेट असोसिएशन (एमसीए) ने अपने खिलाड़ियों को बांद्रा कुर्ला इनडोर परिसर में अभ्यास की अनुमति देने के लिए महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे को पत्र लिखा है। एमसीए की शीर्ष परिषद के एक सदस्य ने बताया, 'हमारे अध्यक्ष विजय पाटिल ने कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है जिसमें उनसे अनुमति देने का आग्रह किया है।' महाराष्ट्र सरकार ने अभी तक राज्य में टीम खेलों की बहाली की अनुमति नहीं दी है । इसके अलावा क्रिकेटरों को भी अभ्यास बहाल करने की अनुमति नहीं मिली है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इंडियन प्रीमियर लीग खेलने वाले श्रेयस अय्यर, पृथ्वी साव और सूर्य कुमार यादव समेत कई खिलाड़ियों ने एमसीए से अभ्यास की अनुमति मांगी है। मुंबई कोरोना वायरस महामारी से सबसे बुरी तरह प्रभावित शहरों में से है। इसके अलावा बारिश के कारण भी हालात काफी खराब हैं।

## आईपीएल से जलते हैं कुछ पाक क्रिकेटर्स, बोले मदन लाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर मदन लाल ने पाकिस्तानी क्रिकेटर्स पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि पाक क्रिकेटर हमेशा आईपीएल के खिलाफ ईर्ष्या की भावना से बात करते हैं। उन्होंने कहा कि टी20 वर्ल्ड कप टालने का फैसला आईसीसी और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने लिया है और बीसीसीआई का इससे कोई वास्ता नहीं है।

मदन लाल हाल ही में कुछ पाकिस्तानी क्रिकेटर्स द्वारा आईपीएल के खिलाफ की गई बयानबाजी के संदर्भ में बात कर रहे थे। एक टीवी चैनल से बातचीत करते हुए 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे मदन लाल से जब पाकिस्तानी क्रिकेटर्स इसका हिस्सा थे तो वे आईपीएल को दुनिया की सबसे बड़ी लीग कहते थे लेकिन अब उनकी नजर में यह पूरी दुनिया के क्रिकेट को तोड़ देगी। मदन लाल ने यह भी कहा कि कई पाकिस्तानी खिलाड़ी कोई बयान देने से पहले किसी तरह का सोच–विचार नहीं करते। उन्होंने कहा, कई पाकिस्तानी क्रिकेटर बोलने से पहले सोचते नहीं हैं। आखिर भारत वर्ल्ड कप को कैसे टलवा सकता है।

## एंडी मरे और किम क्लिस्टर्स को यूएस ओपन में मिला वाइल्ड कार्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। ब्रिटेन के दिग्गज एंडी मरे और महिला टेनिस खिलाड़ी किम क्लिस्टर्स को साल के चौथे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट यूएस ओपन में वाइल्ड कार्ड मिला है। यूएस ओपन की शुरुआत 31 अगस्त से हो रही है। किम अपनी 2009 की सफलता को दोहरना चाहेंगी जहां वह मां बनने के कारण लिए संन्यास से वापसी कर रही थीं। किम ने वाइल्ड कार्ड से प्रवेश के बाद खिताब अपने नाम किया था। बाद में वह ऐसी पहली मां बनी जो डब्ल्यूटीए रैंकिंग में नंबर–1 रैंकिंग हासिल करने में सफल रहीं। 2005, 2009 और 2010 में यूएस ओपन का खिताब जीतने वालीं किम सात साल के रिटायरमेंट के बाद 2020 की शुरुआत में वापसी करने में सफल रही थीं 2012 के बाद से वह अपना पहला यूएस ओपन टूर्नामेंट खेलेंगी।